# कोविड में 47,572 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश और निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि कोविड-19 आने के बाद जब सम्पूर्ण विश्व की अर्थ-व्यवस्था प्रभावित हुई। इस दौरान भी किए गए प्रयासों के फलस्वरूप 47,572 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने में सफलता हासिल हुई है।

उन्होंने इन निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए विशेष सचिव औद्योगिक विकास मुत्थु स्वामी को नोडल अधिकारी नामित किया और परियोजनाओं के यथाशीघ्र क्रियान्वयन के अधिकारियों को उचित निर्देश भी दिए। श्री सिंह ने यह निर्देश बुधवार को खादी भवन में आयोजित इन्वेस्ट यूपी के उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते



सिद्धार्थनाथ सिंह, निर्यात प्रोत्साहन मंत्री

हुए दिए। उन्होंने कहा कि कनाडा से 1746 करोड़ रुपये के निवेश के दो प्रस्ताव मिले, जिसमें से इकाग्राटा कंपनी ग्रेन एन्फ्रास्ट्रक्चर इक्यूपमेंट के लिए 746 करोड़ और मेडिकाम ग्रुप जेवर में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करपीपीई किट, मास्क और ग्लब्स का प्लांट लगाएगी। घरेलू निवेशकों में हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड सुमेरपुर में डिटरजेंट और सर्फ उत्पादन के क्षेत्र में 700 करोड़ का निवेश करेगी।